रेलवे उ0मा0 विद्यालय, रतलाम

'आज़ादी के अमृत महोत्सव'

दिनांक 18-07-2022 को 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के आयोजन के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक 'शहादत का रंग' तथा क्विज(प्रश्नोत्तरी) का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। उक्त दोनों ही कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा उचित पुरस्कार प्राप्त किये।

नुक्कड़ नाटक में अपनी प्रस्तुति देते हुए श्रृंखला जाधव, गौतम सिंह और रिया ने अपनी उच्चस्तरीय अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर लाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में अपने उदबोधन द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया।

नुक्कड़ नाटक का संयोजन श्री भागवत प्रसाद शर्मा, ज़मीर खान तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन श्री आर.के.वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश कुमार शर्मा ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिन छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया उनका विवरण निम्नानुसार है -

प्रथम स्थान

मुस्कान बाथव कक्षा 12, अर्शी खान कक्षा 10, आशिता मेहता कक्षा 10, शिवानी मीणा कक्षा 8 एवं अक्षत शर्मा कक्षा 8

द्वितीय स्थान

रविराज यादव कक्षा 12, निशा आर्य कक्षा 12, रवि कुमार मीणा कक्षा 10, शुभम मीणा कक्षा 9 एवं प्रतीक्षा बडगूजर कक्षा 8

तृतीय स्थान

ममता सिंह कक्षा 12, चंचल नागौरा कक्षा 12, भूमिका बाथम कक्षा 10, अंजली शक्तिवेल कक्षा 10 एवं शिवम मीणा कक्षा 8

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ विधिवत रूप में किया गया ।

प्राचार्य